हापुड़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

# प्रेस नोट

**थाना - साइबर क्राइम** **दिनांक- 16-07-2024**

## विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) सहित 04 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि) पर लडकी/महिलाओं के काल्पनिक नामों से आईडी बनाकर भारत के लोगों से दोस्ती कर उनको अपने जाल में फंसाकर एवं अपने व्हाट्सअप पर उच्चाधिकारियों की फोटो लगाकर स्वयं को उच्च अधिकारी बताते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों से किसी सामान खरीदने या अन्य काम के नाम पर ऑनलाइन पैसे की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) सहित 04 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 04 मोबाइल फोन, 09 पासबुक, फर्जी रसीदें व नगदी बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त (नाइजीरियन) अपने व्हाट्सअप पर उच्चाधिकारियों की फोटो लगाकर स्वयं को अधिकारी बताते हुए व्हाट्सअप पर अधिकारियों व कर्मचारियों से किसी सामान या अन्य काम के नाम पर ऑनलाइन पैसे की मांग तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि) पर लडकी/महिलाओं के काल्पनिक नामों से आईडी बनाकर भारत के लोगों से दोस्ती कर उनको अपने जाल में फंसाकर ऑनलाइन पैसे की ठगी करता था।**

## कार्यवाही:-



हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं साइबर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम पुलिस ने थाना धौलाना के मु0अ0सं0 151/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 66डी आईटी एक्ट से सम्बन्धित थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (व्हाट्सअप) पर उच्चाधिकारियों की फोटो लगाकर स्वयं को अधिकारी बताते हुए व्हाट्सअप पर अधिकारियों व कर्मचारियों से किसी सामान या काम के नाम पर ऑनलाइन पैसे की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 01 विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) सहित 04 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है, उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों से बरामद मोबाइल व बिल/पत्र के बारे में पूछा गया तो तीनो भारतीयों नागरिकों ने बारी-बारी से बताया कि साहब हम तीनो लोग बैंक खाते आधार कार्ड में फर्जी तरीके से नाम-पता बदलकर खाता खुलवा लेते हैं। फर्जी आधार कार्ड हम लोग हमसे बरामद मोबाइलों से ही तैयार कर लेते हैं हम लोगों से जो बरामद हुए हैं वो भी हमने फर्जी बना रखे हैं। हमारा ये चौथा साथी Gogwin जो कि नाइजीरिया का रहने वाला है जो कि दिल्ली में रहकर बडे-बडे अधिकारियों के फोटो लगाकर उनसे छोटे अधिकारियों और कर्मचारियों से किसी सामान या काम के नाम पर ऑनलाइन पैसे हमारे द्वारा दिये गये फर्जी खातों में डलवा लेता है। खाते में पैसा आते ही Gogwin हमें व्हाटसअप पर कॉल करके बता देता है फिर हम उस पैसे को एटीएम से निकालकर आधा पैसा Gogwin को दे देते हैं और आधे पैसे में से हम लोग आपस में तीनो बाँट लेते है।

पकडे गये चौथे व्यक्ति Gogwin से बरामद मोबाइल व बिल/पत्र के बारे में पूछा तो उसने बताया कि---

**अपराध करने का प्रथम तरीका -** मैं उच्च अधिकारियों के फोटो लगाकर उनसे छोटे अधिकारियों और कर्मचारियों से किसी सामान या काम के नाम पर व्हाट्सअप पर बिल/पत्र भेजकर ऑनलाइन पैसे फर्जी खातों में डलवा लेता हूं फिर समीर, अफसार व फरमान की मदद से एटीएम से पैसा निकालकर आपस में बांट लेते है।

**अपराध करने का द्वितीय तरीका -** फेसबुक व इंस्टाग्राम पर लडकियों के काल्पनिक नामों से फर्जी अकाउंट बनाकर अपनी पहचान छुपाकर भारत के लोगो को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज देता हूं, जो व्यक्ति मेरी फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लेता है फिर मैं उसे मेसेंजर पर मेसेज कर दोस्ती कर लेते हैं, फिर मैं अपने आप को भारत में घूमने आना और उस व्यक्ति से भारत में आकर मिलना बताकर उसे विश्वास में ले लेता हूं व उस व्यक्ति को भारत में आने की तारीख बताकर पूर्ण विश्वास में ले लेते हैं उस व्यक्ति को जिस तारीख में भारत में घूमने आना बताता हूं उस तारीख मैं विदेशी नम्बरों से उस व्यक्ति को व्हाटसअप कॉल कराता हैं फिर उस व्यक्ति से लडकी कहती है कि मैं दिल्ली हवाई अड्डे पर आ गयी हूँ आपके लिये यूएस डॉलर आई फोन आदि सामान गिफ्ट में लायी हूँ ये सामान एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड लिया है कस्टम विभाग वाले इस सामान की फीस मांग रहे है और फोन को काट देते हैं। इसके तुरन्त बाद हम लोग कस्टम डिपार्टमेंट का कर्मचारी या अधिकारी बनकर उस व्यक्ति को कॉल करते हैं और उस व्यक्ति को कहा जाता है कि तुम्हारी दोस्त के पास से यूएस डॉलर मंहगा आई फोन आदि समाना मिला है जिसकी

आपको करेंसी चेंज कराने व आई फोन की 10% फीस लगेगी और उस व्यक्ति से फीस लेने के बाद जब तक व्यक्ति हमारी बातो में फंसा रहता है तब तक हम लोग मनी एक्सचेंज आदि के नाम पर बार-बार पैसे लेते रहते हैं।

**नोटः-** ***गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के शातिर साइबर ठग हैं जिनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य राज्यों/जनपदों से की जा रही है।***

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-** छिजारसी टोल के पास, दिनांक- 16-07-2024, समय- 00.05 बजे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः**

1- Gogwin पुत्र Enefl निवासी Edo stste नाइजीरिया, हालपता- एल सेकण्ड ब्लॉक न्यू महावीर नगर थाना तिलकनगर दिल्ली।

2- अफसार खान पुत्र जमा खान निवासी ग्राम धन्तिया थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली.

3- फरमान मौहम्मद पुत्र दफेदार खान निवासी ग्राम धन्तिया थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।

4- समीर हुसैन पुत्र हसमत हुसैन निवासी ग्राम धन्तिया थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-**

*अभियुक्त अफसार उपरोक्त*

मु0अ0सं0 634/2020 धारा 411,418,420,467,468,471 भादवि व 66डी आईटी एक्ट थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

*अभियुक्त समीर हुसैन उपरोक्त*

मु0अ0सं0 317/2017 धारा 468,471,34 भादवि थाना सरिता विहार दिल्ली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1- 05 मोबाइल फोन

2- 09 पासबुक अलग-अलग बैंको की

3- 930/- रुपये

4- फर्जी रसीदें

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- श्री नजीर अली खान प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

2- निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड।

3- उ0नि0 श्री विनीत मलिक थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

4- है0का0 647 सुनील कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

5- है0का0 659 साजुद्दीन खान थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

6- है0का0 770 तनुज कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

7- का0 198 नीरज कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।

8- है0का0 699 विकास कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड।

9- है0का0 श्यामवीर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड।